# AI – 1424

## M.A.(Final)

## Term End Examination 2020-21

### Hindi

### Paper – IV

**Time** : Three Hours] [Maximum Marks : 100

[Minimum Marks: 36

**नोट : सभी खण्डों से निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिने ओर अंकित है।**

### खण्ड– 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं तीन की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए: 15X4

क. ''लोक संस्कृति' लोक साहित्य का अभिन्न अंग है।''इस कथन की समीक्षा कीजिए।

ख. ''लोक साहित्य का अपना एक इतिहास है''इस विषय पर तार्किक निबंध लिखिए।

ग. भारत के विभिन्न प्रांतो मे भिन्न–भिन्न प्रकार की लोक कथाए। प्रचलित है। सविस्तार समझाइए।

घ. ''लोक साहित्य राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने का सशक्त माध्यम है।'' इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं? तर्क संगत उत्तर दीजिए।

ड. लोकवाद्य और लोक संगीत लोकसाहित्य के माध्यम से समाज को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

च. लोकगाथा से आप क्या समझते हैं ? इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

छ. लोककथा और लोकगाथा में क्या–क्या समानताएँ और असमानताएँ हैं ? स्पष्ट कीजिए।

### खण्ड– 'ख'

2. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच विषयों पर टिप्पणियों लिखिए:– 4X5

क. लोक संगीत का महत्व

ख. कोई दो लोकगीत का उदाहरण लिखिए।

ग. कोई चार छत्तीसगढी पहेलियाँ लिखिए।

घ. 'छत्तीसगढी कलामंच के पुरोधा रामचन्द्र देशमुख।

ड. लोकोक्ति क्या है? इसके महत्व बताइए।

च. लोकपर्व भाषा के कोई चार मुहावरे अर्थ सहित लिखिए।

छ. छत्तीसगढी भाषा के कोई चार मुहावरे अर्थ सहित लिखिए।

ज. लोरिक चंदा पर निबंध लिखिए।

### खण्ड– 'ग'

3. निम्नलिखित में से किन्हीं 20 प्रश्नों के उत्तर अतिसंक्षेप में दीजिए:– 1X20

क. 'छत्तीसगढ में लोकगीतों का राजा किसे कहा गया है ?

ख. 'तमाशा' किस राज्य का लोकनृत्य है ?

ग. 'बीहू नृत्य' का संबंध किस राज्य से है ?

घ. 'गरबा' नृत्य किस अवसर पर किया जाता है ?

ड. दो पंडवानी' गायकों के नाम लिखिए।

च. 'गौरा–गौरी' का संबंध किस देवी–देवता से है ?

छ. 'कथकली' किस राज्य का लोकनृत्य है।

ज. 'सोहर गीत' किस अवसर पर गाया जाता है ?

झ. 'भोजली पर्व' कब मनाया जाता है ?

ञ. 'पंडवानी' में किस किस वाद्य यंत्र का प्रयोग होता है ?

ट. 'हल षष्ठी' का व्रत कब किया जाता है ?

ठ. 'कठपुतली' नृत्य किस प्रांत से संबंधित है?

ड. 'वैशाखी' पर्व का संबंध किस राज्य से है ?

ण. 'भवाई' नृत्य का संबंध किस राज्य से है ?

त. 'किसान किस पर्व को अपने कृषि उपकरणों की पूजा करते है ?

थ. 'गिद्दा'नृत्य किस राज्य से संबंधित है ?

द. 'ढोला मारु' की कथा किस राज्य में प्रचलित है ?

ध. 'पंथी नृत्य' में किन का गुणगान किया जाता है ?

न. 'यक्षगान' का संबंध है ?

प. 'कुचीपुडी' लोकनृत्य किस राज्य का है ?

फ. 'भारत के दो संगीत घरानों के नाम लिखिए ।

ब. 'सिक्किम प्रदेश का लोकनृत्य किस जनजाति समुदाय द्वारा किया जाता है ?